राजस्थान को मॉडल औद्योगिक स्टेट बनाना लक्ष्य : मंत्री राज्यवर्द्धन सिंह

'निवेशक राजस्थान में हमारे लिए वी.आई.पी. हैं, उनके प्रोत्साहन के लिए नीति जरूरी'

जयपुर (कासं)। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ की अध्यक्षता में सोमवार को उद्योग भवन में विभाग व उसके अधीनस्थ विभाग, बोर्ड, निगम के विभागाध्यक्षों के साथ बैठक आयोजित हुई।

बैठक में मंत्री राठौड़ ने सभी अधिकारियों से विभाग के कार्यों का फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि हम सभी का एक ही लक्ष्य होना चाहिए कि हम सब टीमभावना के साथ कार्य करते हुए राजस्थान को मॉडल औद्योगिक स्टेट के रूप में स्थापित करें। इसके लिए निवेशकों को प्रोत्साहित करने की पॉलिसी का निर्माण किया जाये। उन्होंने कहा कि प्रदेश में देश-विदेश से निवेश करने वाले निवेशक हमारे लिए वीआईपी हैं। विभाग द्वारा उनकी हरसंभव मदद की जायेगी।

राठौड़ ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गुजरात में आयोजित होने वाले वाइब्रेंट गुजरात की तर्ज पर राजस्थान में इस तरह का आयोजन करने हेतु कार्ययोजना बनाई जाए। राठौड़ ने कहा कि रोजगार के अवसरों को बढ़ाने में स्टार्टअप की विशेष भूमिका हो सकती है, इसके लिए युवाओं को ध्यान में रखकर फंडिंग योजना पर ध्यान दिया जाए तथा उन्हे प्रोत्साहित किया जाये। उन्होने निर्देश दिया कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विशेष औद्योगिक योजनाओं का लाभ समन्वय बनाकर प्रदेश के विभिन्न श्रेणी के उद्यिमयों को दिया जाना सुनिश्चित करें।

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने सोमवार को उद्योग भवन में विभागीय अधिकारियों की बैठक ली।

राठौड़ ने रीको के अधिकारियों को निर्देशित किया कि नवीन औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना करते समय उसकी उपयोगिता, कार्य गुणवत्ता, समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाये ताकि उनमे अतिशीघ्र उद्योग स्थापित हों व प्रदेश के युवाओं को रोजगार के नवीन अवसर मिले। उन्होंने कहा कि प्रदेश के औद्योगिक विकास को बढ़ाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा व इसके लिए विशेषज्ञता के साथ कार्य करें। उन्होने कहा कि अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के राज्य सरकार के संकल्प की क्रियान्विति में उद्योग विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण है।

राठौड़ ने निर्देश दिया कि निवेश के दौरान उसके रेवेन्यू मॉडल का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए, ताकि निवेश की उत्पादकता में इजाफा हो। उन्होने निर्देशित किया की वन स्टॉप सेंटर को और अधिक सरल बनाया जाये। उन्होने निर्देश दिया कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन किया जाये ताकि धरातल पर परिवर्तन नजर आए। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि 100 दिवसीय कार्य योजना में दोहराव से बचा जाये व उसके लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए योजना के अनुरूप कार्य किया जाए। सभी अधिकारी फाइलों का निस्तारण तय समयावधि में किया जाये। इस दौरान बैठक में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की विशिष्ठ शासन सचिव नेहा गिरी, रीको के प्रबंध निदेशक सुधीर कुमार शर्मा, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त हिमांशु गुप्ता, आरएफसी के एमडी राजेश कुमार मीणा, आरएचडीसी की प्रबंध निदेशक मनीषा अरोड़ा, बीआईपी की अतिरिक्त आयुक्त सलोनी खेमका सहित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

- **रोजगार के अवसर बढ़ाने में स्टार्टअप्स की विशेष भूमिका हो सकती है, इसलिए युवाओं को ध्यान में रखकर फंडिंग योजना भी बनाएंगे : राठौड़**

जैविक खेती व गौ-उत्पादों से स्वाबलंबी बनेंगी गौशालाएं : मंत्री जोराराम कुमावत

ठाकुरजी के दर्शन और गौ-माता की पूजा के बाद पशुपालन-डेयरी व गौपालन मंत्री ने संभाला पदभार

जयपुर (कासं)। पशुपालन एवं डेयरी, गोपालन, देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने सोमवार दोपहर 12:15 बजे शासन सचिवालय के मंत्रालय भवन, के कक्ष संख्या 6010 में पदभार ग्रहण कर लिया। इससे पहले उन्होंने अराध्य देव गोविंद देव जी मंदिर पहुंचकर ठाकुर जी के दर्शन किए। महंत मानस गोस्वामी ने पूजा-अर्चना करवायी। केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने प्रदेश की सुख-समृद्दि की कामना की। ठाकुर जी के दर्शन व पूजा-अर्चना के बाद मंत्री जी ने भक्तों से बातचीत भी की। साथ ही उन्होंने मंदिर परिसर स्थित गंगा महारानी मंदिर और गोपाल जी के मंदिर के दर्शन भी किए। साथ ही मंत्री ने मीठी प्याऊ पर पानी पीया। इस दौरान यहां उनका मंदिर प्रशासन की ओर से अराध्य देव की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया गया।

केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने ठाकुर जी के दर्शन कर टोंक रोड स्थित श्री पिंजरापोल गौशाला पहुंचकर गौमाता का पूजन किया। श्री पिंजरापोल गौशाला समिति के महामंत्री शिवरतन चितलांगिया व सदस्य राधेश्याम विजयवर्गीय, हैनिमैन चैरिटेबल मिशन सोसाइटी की सचिव मोनिका गुप्ता व भारतीय जैविक किसान उत्पादक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अतुल गुप्ता, मोदी आर्मी सेना के प्रदेश अध्यक्ष नीरज शर्मा ने मंत्री जोराराम कुमावत का सम्मान भी किया गया। साथ ही जोराराम कुमावत ने सनराइज ऑर्गेनिक पार्क में गौ-उत्पादों के निर्माण इकाई का अवलोकन तथा गौशाला का भ्रमण किया।

इस दौरान केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि गौशालाओं को स्वाबलंबी बनाने के लिए प्रदेश में जैविक को बढावा देने व गौ उत्पादों के निर्माण व उनकी बिक्री के समुचित प्रबंधन के लिए विभागीय अधिकारियों के साथ व्यापक स्तर पर कार्यायोजना बनाई जाएगी। सनराइज पार्क में मंत्री को गौ उत्पाद देकर सम्मानित भी किया गया। साथ ही उन्होंने अयोध्या में श्री राम मंदिर में भगवान श्रीराम की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में सामूहिक सुंदरकांड, हनुमान चालीसा पाठ एवं महाआरती के पोस्टर का विमोचन किया। इस मौके पर नगर निगम ग्रेटर की महापौर सौम्या गुर्जर व सैकड़ों की संख्या में गौभक्तों ने मंत्री के साथ गौमाता को गुड़, चारा व पौष्टिक आहार खिलाया।

राज्य कर्मचारियों ने भी उठाई पदोन्नति की मांग

जयपुर। राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ ने प्रदेश में राज्य कर्मियों की बकाया पदोन्नितयां करवाने की मांग की है। संघ ने सोमवार को मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन प्रेषित किया।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश पारीक ने बताया की अधीनस्थ राज्य कर्मियों की पदोन्नितयां उनके प्रशासनिक विभागों एवं वित्त तथा कार्मिक विभाग द्वारा रोकी हुई है। इससे इस वित्तीय वर्ष में प्रत्येक प्रभावित कर्मचारियों को लाखों रुपए की राशि के वेतन भत्तों का नुकसान हो चुका है। पहले आचार संहिता और नए अधिकारी द्वारा निर्णय करने के नाम पर फाइलें रोकी हुई है।

संघ के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि राज्य कर्मियों की पदोन्नितियों की फाइलें आचार संहिता के नाम पर संबंधित विभागों की प्रशासनिक विभागों के द्वारा रोक दी गई। चुनाव आयोग द्वारा जारी आचार संहिता में स्पष्ट प्रावधान था कि विभागीय पदोन्नितयां की जा सकती हैं। कॉलेज शिक्षा द्वारा तो आरवीआरईएस व्याख्याताओं की पदोन्नितयों की पत्रावली कार्मिक विभाग ने राज्य चुनाव आयोग को भिजवाई तथा राज्य चुनाव आयोग ने स्पष्ट कर दिया था कि विभागीय पदोन्नितयों पर रोक नहीं है। उसके बावजूद कार्मिक विभाग द्वारा डीपीसी के लिए अपना प्रतिनिधि भिजवाने की दिनांक नहीं दी गई। पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग, राज्य बीमा एवं प्रावधान निधि विभाग, सहित अनेक विभागों की पदोन्नति रुकी पड़ी है। जबकि वर्ष के पहले दिन ही 1 जनवरी को आईएएस अधिकारियों की पदोन्नितयां कर दी गई। मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव से मांग की है कि राज्य कर्मचारियों की भी पदोन्नितयां की जाएं, अन्यथा हमें आंदोलन करना पडेगा।

बावरिया गैंग का पर्दाफाश

जयपुर। जमीन का गढा धन निकालने का झांसा देकर ठगी करने वाले बावरिया गैंग का पर्दाफाश करते हुए मालपुरा गेट थाना पुलिस ने गैंग के सक्रिय बदमाश समुद्र नारायण बावरिया सहित रेनवाल थाने के हिस्ट्रीशीटर अजीत बावरिया को दस्तयाब किया है। दोनो बदमाशों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने एक बदमाश पर पांच हजार व दूसरे पर तीन हजार का इनाम घोषित कर रखा था। दोनो बदमाश टॉप टेन वांटेड की सूची में शामिल थे। गिरफ्तार बदमाश अजीत बावरिया राजस्थान के अलग-अलग थानों में करीब तीस मुकदमों में वांछित है तथा न्यायालय के पन्द्रह गिरफ्तारी वारंटो में फरार चल रहा था। गिरफ्तार बदमाश अजीत बावरिया गुढा गोड़जी झुन्झुनू के पास जमीन खरीदकर शेखावत बनकर फरारी काट रहा था। जो करीब सात साल से फरार चल रहा था।

एन.एच.एम. में संविदा नर्स, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता व सी.एच.ओ. के पदों में बढ़ोतरी

चिकित्सा मंत्री ने 2713 पद बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी

जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत वर्ष 2022 एवं 2023 में विज्ञापित संविदा नर्स, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता और सीएचओ के पदों में 2713 पदों की बढ़ोतरी के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की।

सिंह ने सोमवार को स्वास्थ्य भवन में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग की बैठक ली। उन्होंने पहली ही बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी। इसके साथ ही अब कुल 9890 पदों पर भर्ती का प्रस्ताव राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड को भिजवाया जायेगा। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह ने अवगत कराया कि वर्ष 2023 में विज्ञापित संविदा नर्स के 1588 पदों में 750 पद बढ़ाकर कुल 2338 पद, संविदा महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के 2058 पदों में 1000 पदों को बढ़ाकर कुल 3058 पद कर दिये गये हैं। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) के 3531 पदों में 963 पदों को बढ़ाकर कुल 4494 पद कर दिये गये हैं। इस प्रकार पूर्व में विज्ञापित 7177 पदों के स्थान पर अब 9890 पदों पर भर्ती के लिए राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड को प्रस्ताव भिजवाये जायेंगे। जल्द ही राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा संशोधित विज्ञिप्त जारी की जायेगी।

चिकित्सा मंत्री ने करीब 6 घंटे तक बैठक में विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों से विभाग की योजनाओं, कार्यक्रमों, निर्माणाधीन भवनों एवं अन्य परियोजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना में चिकित्सा संस्थानों तक दवाओं की आपूर्ति सुगमतापूर्वक हो। कहीं भी दवाओं की कमी नहीं रहे। साथ ही दवाओं की गुणवत्ता का भी पूरा ध्यान रखा जाए। उन्होंने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण से जुड़े अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट के विरूद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। मिलावट की रोकथाम के लिए नियमित रूप से खाद्य पदार्थों के सैम्पल लिए जाएं और अमानक पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

सार-समाचार

नर्सेज ने चिकित्सा मंत्री को बधाई दी

जयपुर। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन ने प्रदेशाध्यक्ष खुशीराम मीना के नेतृत्व में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान एक ही स्वर में सभी नर्सज ने प्रक्रियाधीन नर्सज भर्ती 2023 में नियुक्ति देने के लिए आग्रह किया। इसमें मंत्री ने सकारात्मक आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रदेश महासचिव सुरेन्द्र गुर्जर, प्रवक्ता बने सिंह बंशीवाल, क्रीडा सचिव राहुल जाखड़, संघर्ष समिति जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, प्रदेश कोर्डिनेटर मोहम्मद सद्दाम, देवीकिशन लोधा, मांगीलाल शर्मा, बृजेश शर्मा, गौरव शर्मा, भवानी, विकास अवस्थी, कृपाल, बनवारी टेलर सहित प्रदेश भर से आए अन्य नर्सेज मौजूद रहे।

चिकित्सा शिविर में 200 लोग लाभांवित

जयपुर, (का.सं.)। महावीर इंटरनेशनल एसोशिएसन व नारायणा हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क मेडिकल कैंप का अयोजन किया गया। कैंप में एलोपैथी, आयुर्वेदिक, फिजियोथैरेपी, होम्योपैथिक, दंत चिकित्सा, जनरल फिजीशियन, कार्डियोलॉजी, यूरोलॉजी, पेट आंत व लिवर रोग संबंधी रोग व बीमारियों का उपचार व परामर्श दिया गया। करीब 200 लोगों ने इस निःशुल्क सेवा का लाभ उठाया। कैंप में नारायणा हॉस्पिटल से यूनिट हैड वालिया, डॉ.देवेन्द्र श्रीमाल, डॉ.अभिनव गुप्ता, डॉ. हरीश कस्वॉ व डॉ. रजनी चौधरी व महावीर इंटरनेशनल एसोशियेसन से उपाध्यक्ष वीर एन.के.सेठी, सचिव वीर अनिल वैद्य व सभी सदस्यों का सहयोग रहा। महावीर इंटरनेशनल एसोशिएशन भवन पर नारायणा हॉस्पिटल सिटी सेंटर की सेवायें नियमित रूप से चलाई जा रही हैं।

'सनातन में पौष का महत्वपूर्ण स्थान'

जयपुर। बड़ा अखाड़ा विकास समिति, ब्रह्मपुरी की ओर से रविवार को नहर के गणेश मंदिर में पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। मंदिर के महंत पंडित जय शर्मा ने शाम 6 बजे भगवान गजानन को प्रसादी का भोग लगाकर देश में सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान मुख्य अथिति हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य ने कहा कि सनातन संस्कृति में पौष महोत्सव का महत्वपूर्ण स्थान है। ऐसे आयोजनों से धार्मिक और सामाजिक सौहार्द्र मजबूत होता है। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने देंगे। साथ ही उन्होंने आमजन से 22 जनवरी को भव्य रूप से देव दीपावली मनाने का आव्हान किया। इसके बाद बड़ा अखाड़ा विकास समिति की ओर से विधायक बालमुकुंद आचार्य, भाजपा जयपुर शहर मंत्री सुरेश गुर्जर, वार्ड 9 के पार्षद रजत विश्नोई, भाजपा युवा मोर्चा जयपुर शहर पूर्व अधक्ष रितेंद्र सिंह परिहार, पूर्व पार्षद उमा शर्मा, विक्की चौधरी सहित अन्य अतिथियों का माला और राम नाम का दुपट्टा पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इसके बाद सभी भक्तों को पंगत प्रसादी जिमाई गई। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष हितेष व्यास, सचिव गोविंद सोनी, कोषाध्यक्ष रिंकू अग्रवाल, उपाध्यक्ष राहुल सोनी, जगदीश शर्मा, पंकज सोनी, अमित अग्रवाल सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने की जनसुनवाई

जयपुर। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सोमवार को ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री निवास पर जनसुनवाई की। उन्होंने आमजन से उनकी परिवेदनाओं के बारे में जानकारी ली। शर्मा ने कहा कि जनता की हर समस्या का निराकरण करना सरकार का मूल कर्तव्य है। उन्होंने अधिकारियों को सभी प्रकार के लम्बित प्रकरणों का त्वरित गति से निस्तारण करने के लिए निर्देश दिए।

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने संभाला पदभार

जयपुर। राजस्थान के नए ऊर्जा मंत्री के रूप में कैबिनेट मंत्री हीरालाल नागर ने सोमवार को सचिवालय के मंत्रालय भवन में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं को 100 यूनिट मुफ्त बिजली हो या किसानों को निशुल्क बिजली, कांग्रेस राज की सभी योजनाओं का रिव्यू किया जाएगा और उन योजनाओं को लेकर आगे क्या निर्णय लिया जाएगा। इस पर बैठकर फैसला लिया जाएगा।

हीरालाल नागर ने कहा कि "ऊर्जा विभाग प्रदेश का महत्वपूर्ण और आमजन से सीधा जुड़ा हुआ विभाग है। हम आज बिजली के बिना रह नहीं सकते हैं। इस महकमे को लेकर जिस तरह का संकट है और जो चुनौतियां हैं। उसमें सुधार पर चर्चा के लिए आज पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिए मंथन किया जाएगा, जहां भी सुधार की दरकार है, आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। किसानों को दिन में सिंचाई के लिए बिजली आपूर्ति दी जाए। इस पर फोकस रहेगा। प्रदेश की उत्पादन इकाइयों में कई बार सही उत्पादन नहीं होता है। इसे गंभीरता से देखेंगे।"

हीरालाल नागर ने कहा कि बिजली कंपनियों पर लगातार बढ़ता कर्जा बड़ी चुनौती है। पहले जब भाजपा की सरकार थी तो इस कर्जे को कम करने के लिए 60 हजार करोड़ रुपए का सरकार ने प्रावधान किया था। लेकिन कांग्रेस के राज में यह फिर से बढ़कर एक लाख करोड़ से ज्यादा का कर्जा हो गया है। कांग्रेस राज में एक भी नई इकाई नहीं बनाई गई।

प्रदेश में 3 करोना संक्रमित मिले

जयपुर। प्रदेश में सोमवार को तीन नए करोना संक्रमित मिले वहीं राज्य में पिछले चौबीस घंटों में छह मरीज ही ठीक हुए है। प्रदेश में फिलहाल करोना के 56 एक्टिव केस मौजूद है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार रविवार को जयपुर में 2 और उदयपुर में एक नया संक्रमित मिला है। वहीं राजधानी जयपुर में जगतपुरा और सांगानेर में एक-एक नया मरीज पाया गया है। फिलहाल राजधानी में 29 संक्रमितों का इलाज चल रहा है। उधर प्रदेश में 56 एक्टिव मामले है। पिछले चौबीस घंटे में 6 संक्रमित रिकवर हुए है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार राजधानी जयपुर में सोमवार को 94 सैंपल की जांच की गई। वहीं, राज्य में 170 सैंपल की जांच की गई।

मोदी की गारंटी वाली गाड़ी गांव-गांव पहुंच रही : जोशी

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम के वर्चुअल प्रसारण के दौरान बगरू विधान सभा क्षेत्र स्थित नगर निगम जयपुर ग्रेटर जगतपुरा जोन ऑफिस में उपस्थित रहे और शिविर का अवलोकन कर लाभार्थियों से संवाद किया।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं प्रेमचंद बैरवा, जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा, प्रदेश महामंत्री जगबीर सिंह छाबा, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण सिंह बागड़ी, प्रदेश मंत्री रणजीत सिंह सोडाला, बगरू विधायक कैलाश वर्मा, मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर, जयपुर शहर जिलाध्यक्ष राघव शर्मा सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से वर्चुअली जुडकर संवाद स्थापित किया। इससे लोगों में जोश ओर ऊर्जा का संचार हुआ। केन्द्र की मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को भी मिले इसके लिए मोदी गारंटी वाली गाड़ी पूरे देश में गांव-गांव पहुंच रही है और जनता इस गाड़ी का उत्साह से स्वागत कर रही है।

परीक्षाओं में डमी परीक्षार्थी बैठाने वाले बदमाश दबोचे

जयपुर (कासं)। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने कार्रवाई करते हुए कनिष्ठ अभियंता भर्ती 2020 के पेपर लीक मामले में वांछित एवं वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा 2022 में डमी परीक्षार्थी बैठाने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएस एवं एसओजी वीके सिंह ने बताया कि एसओजी की ओर से कार्रवाई करते हुए पूर्व के दर्ज मामलो में फरार वांछित आरोपित सचिन शर्मा निवासी बीजना (जावा) झोंझू कला चरखी दादरी (हरियाणा) और रामहंस मीना निवासी बैजूपाड़ा जिला दौसा को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपित सचिन ने वर्ष 2020 में जेईएन भर्ती परीक्षा में पूर्व में गिरफ्तारशुदा आरोपित पंकज बगडिड़ा से परीक्षा पूर्व पेपर उपलब्ध करवाने के नाम पर 15-15 लाख रूपये प्रति अभ्यर्थी सौदा करना सामने आया है। वहीं गिरफ्तार आरोपी रामहंस मीना द्वारा परीक्षार्थी सत्यप्रकाश मीना के स्थान पर दो अन्य डमी अभ्यर्थियों को बैठाकर सामान्य ज्ञान एवं विज्ञान विषय की परीक्षा दिलाया जाना सामने आया है।

इस काम के लिए अभ्यर्थी से 22 लाख रुपये में सौदा तय हुआ था। इस परीक्षा में सत्य प्रकाश मीना वरिष्ठ अध्यापक के पद पर चयनित भी हो गया था। अब तक जांच में 17 लाख रुपये आरोपी द्वारा प्राप्त किया जाना सामने आया है। गिरफ्तार आरोपियों से अन्य आरोपियों के बारे में पूछताछ व अनुसंधान किया जा रहा है। एसओजी ने अब तक इस मामले में 28 आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

आरोपी सचिन व रामहंस

- **कनिष्ठ अभियंता भर्ती पेपर लीक और वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा में डमी अभ्यर्थी बैठाने में शामिल थे आरोपी**
- **अभ्यर्थियों को परीक्षा से पहले पेपर उपलब्ध करवाने के बदले 15-15 लाख रु. लेते थे आरोपी**

मुस्लिम बहनों ने दिया प्रधानमंत्री को धन्यवाद : मेवाती

जयपुर। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से प्रदेशभर में तीन तलाक, महिला आरक्षण जैसे गंभीर मामलों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिए गए फैसलों को लेकर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा मुस्लिम बहनों के हितार्थ लिए ऐतिहासिक फैसलों से खुश होकर अल्पसंख्यक समाज की मुस्लिम बहनों ने प्रदेशभर में कलेक्टर के माध्यम से पीएम मोदी का शुक्रिया अदा किया। मुस्लिम विवाह अधिकार संरक्षण कानून, मुस्लिम महिलाओं को बिना मेहरम के हज करवाना और महिला आरक्षण विधेयक बनाने जैसे मामलों पर पीएम मोदी द्वारा दिए गए फैसले को लेकर मुस्लिम समाज में खुशी की लहर है। इसलिए मुस्लिम समाज की ओर से प्रधानमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया जा रहा है। इसी कडी में राजधानी जयपुर में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जयपुर शहर जरिए जिला कलेक्टर जयपुर द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर जयपुर शहर मोर्चा अध्यक्ष अब्दुल अजीज, जयपुर शहर महामंत्री परवेज खान, माजिद पठान, फरीदूदीन, भाजपा पार्षद प्रत्याशी शबाब जहां, नाजमीन खान, रूखसाना बानो, आयशा बानो, रजिया बानो सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

पी.एच.डी. चैम्बर का प्रतिनिधिमंडल मिला उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा से

पी.एच.डी. चैम्बर राजस्थान चैप्टर के अध्यक्ष दिग्विजय ढाबरिया की अध्यक्षता में प्रतिनिधिमण्डल ने उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा से मुलाक़ात कर उनका अभिनन्दन किया।

जयपुर, (का.सं.)। पीएचडी चैम्बर, राजस्थान चैप्टर के अध्यक्ष दिग्विजय ढाबरिया की अध्यक्षता में पीएचडी चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रतिनिधि मण्डल ने आज उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा से मुलाक़ात की एवं उनका अभिनन्दन किया।

ढाबरिया ने उपमुख्यमंत्री को पीएचडी चैम्बर के कार्यकलापों के बारे में जानकारी दी और उन्हें बताया कि राज्य में आयुष सेक्टर के विकास की प्रचुर संभावनाएं हैं एवं पीएचडी चैम्बर, जिसने विगत वर्ष में राष्ट्रीय आरोग्य मेले का सफलतम आयोजन किया एवं इस क्षेत्र के सतत विकास के लिए राज्य सरकार के साथ भागीदारी करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों एवं नावाचारों के माध्यम से कृत संकल्प है।

उपमुख्यमंत्री, जिनके पास आयुर्वेद एवं आयुष विभाग का कार्यभार भी है ने कहा की उनका विभाग आयुर्वेद एवं आयुष के सतत विकास एवं आम जनता तक इसके लाभ पहुंचाने एवं छोटी इकाइयों के माध्यम से इस क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने एवं उद्यमिता बढ़ाने हेतु पीएचडी चैम्बर के साथ कार्य करने हेतु इच्छुक रहेगा। उन्होंने इस सन्दर्भ में विस्तृत चर्चा के लिए पीएचडी चैम्बर को आमंत्रित किया है। उपमुख्यमंत्री से चर्चा में पीएचडी चैम्बर के प्रतिनिधि मण्डल में मनीष गुप्ता, सुमेर सिंह शेखावत, अमित चौधरी, डॉ.अतुल गुप्ता, विष्णु गोयल, राधेश्याम शर्मा, निखिल सुल्तानिया, देशरत्न सैनी, बाबूलाल एवं आर के गुप्ता उपस्थित रहे।